हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 अप्रैल 2024

04 राम को कैकेयी के वनवास ने बनाया श्रीरामः उद्धवदास...



05 तात्याटोपे की निशानी वाले गेट की मरम्मत...





## ये कैसी मनमर्जी: डीईओ ने भी प्राचार्य को पत्र लिखकर अपनी बिल्डिंग में जाने के निर्देश दिए, लेकिन नहीं माने

# बारिश में मिडिल स्कूल में हाईस्कूल लगाने की दी थी अनुमति, लेकिन अब कब्जा करके बैठ गए

यही नहीं इस अनदेखी से हाई स्कूल की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त होती जा रही है। यहां रखा सामान खराब हो रहा और लोग यहां अतिक्रमण करते जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बच्चों में पढ़ाई का स्तर सुधरे और बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिले .इसके लिए शिक्षा विभाग तरह-तरह के प्रयास कर रहा है। लेकिन जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर गांव मगरखेड़ा में अजीब मामला सामने आया है। यहां हाई स्कूल पहुंचने के लिए बारिश में रास्ता बंद हो जाता है। ऐसे में डीईओ की अनुमति से हाई स्कूल के बच्चों की चार महीने पढ़ाई मिडिल स्कूल में करवाई जाती है।

पिछले सत्र में भी बारिश के दौरान हाई स्कूल को मिडिल स्कूल की बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया, लेकिन चार महीने बाद जब बारिश खत्म हो गई और मिडिल स्कूल के प्राचार्य ने हाई स्कूल को वापस अपनी पुरानी बिल्डिंग में लगाने के लिए कहा तो उन्होंने मना कर दिया। इस संबंध में डीईओ ने भी हाई स्कूल के प्राचार्य को निर्देश देते हुए खुद की बिल्डिंग में कक्षाएं शिफ्ट करने के निर्देश दिए, लेकिन उसके बाद भी हाई स्कूल मिडिल स्कूल की बिल्डिंग में ही लग रहा है। ऐसे में मिडिल स्कूल के छात्र और स्टाफ परेशान हो रहा है। यही नहीं इस अनदेखी से हाई स्कूल की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त होती जा रही है। यहां रखा सामान खराब हो रहा और लोग यहां अतिक्रमण करते जा रहे हैं।



### ऐसे भी नजारे : हाईस्कूल के बाहर लगा भूसे का ढेर, ग्रामीण बना रहे ईंट

शासकीय हाई स्कूल मगरखेड़ा की स्थिति बहुत ही दयनीय है। यहां कक्षाएं संचालित नहीं होती हैं, ऐसे में लोगों ने कब्जा करके स्कूल के सामने ही भूसे का ढेर लगा दिया। यही नहीं ग्रामीण यहां ईंट भी बना रहे हैं। यदि इसी तरह अनदेखी होती रही तो आने वाले दिनों में ग्रामीण यहां मवेशी बांधेंगे और स्कूल का पूरा सामान खराब हो जाएगा। लेकिन जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

### एक परिसर-एक शाला की घोषणा कर दो

मिडिल स्कूल में कक्षा एक से 8वीं तक की कक्षाएं लगती हैं। ऐसे में हाई स्कूल की 9वीं और 10वीं कक्षा संचालित करने के दौरान यहां कक्षों की कमी होती है। लेकिन उसके बाद भी यहां हाई स्कूल की कक्षाएं संचालित हो ही हैं। यदि शिक्षा विभाग यहां से हाई स्कूल की कक्षाएं शिफ्ट नहीं करवा सकता है तो इस संस्था को एक परिसर-एक शाला का दर्जा दे दिया जाना चाहिए। ताकि यहां एक ही प्राचार्य हो और उसी के अधीर पूरा स्कूल।

### मिडिल स्कूल के प्राचार्य ने असहमति जताई फिर भी खाली नहीं कर रहे कक्ष

मगरखेड़ी के हाई स्कूल के रास्ते में नाला पड़ता है, बारिश के दिनों में यहां पानी भर जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों के जीवन की सुरक्षा को देखते हुए हाई स्कूल की कक्षाएं चार चार महीने के लिए मिडिल स्कूल में लगाने की सहमति मिडिल स्कूल प्राचार्य द्वारा दी जाती है। लेकिन अब स्थिति यह हो गई कि पिछले सत्र में पूरे साल कक्षाएं मिडिल स्कूल में ही संचालित हुईं, जबकि नए सत्र में भी कक्षाएं मिडिल स्कूल में संचालित की जा रही हैं। ऐसे में मिडिल स्कूल के प्राचार्य के असहमति के बाद डीईओ ने हाई स्कूल प्राचार्य को अपनी खुद की बिल्डिंग में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसके बाद भी अब तक जबरन ही कक्षाएं मिडिल स्कूल में संचालित हो रही हैं।

### आए दिन होता है स्टाफ के बीच विवाद

मिडिल स्कूल में हाई स्कूल की कक्षाएं लगाने के कारण यहां कई बाद स्टाफ में विवाद की स्थिति भी बनती है। लेकिन इसके बाद भी हाई स्कूल की कक्षाएं अपनी खुद की बिल्डिंग में शिफ्ट नहीं हो पा रही हैं। स्टाफ के बीच होने वाले विवाद की शिकायत डीईओ कार्यालय तक भी पहुंचती हैं।

## खबर संक्षेप

### बालकनी से गिरकर महिला की मौत

**सीहोर** | कोतवाली थानांतर्गत सब्जी मंडी के समीप घर की बालकनी से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सब्जी मंडी के समीप चंद्रशेखर आजाद मार्ग निवासी सुरेश गिरोठिया की 64 वर्षीय पत्नी मधु गिरोठिया गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे अपने घर की बालकनी में खड़ी थीं, तभी संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ी। घटना के वक्त घर के सभी सदस्य सो रहे थे। पड़ोसियों ने परिवार वालों को सूचित किया। गम्भीर रूप से घायल महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर**। भैरूंदा गांव जोगला में 14 अप्रैल को एक 14 वर्षीय नाबालिग को गांव के ही एक युवक ने अपने दो साथियों की मदद से बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गए। घर वालों ने रिश्तेदारों में उसकी तलाश करने के बाद पुलिस में इस मामले की शिकायत की। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नाबालिगा की तलाश शुरु की, जिसमें पुलिस को 72 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने आरोपियों को तकनीकी मदद के सहारे यात्री बस स्टेंड से धर दबोचा। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी राज झागरे, सह आरोपी धर्मेंद्र झागरे, गोलू पैठारी को गिरफ्तार किया है। डॉक्टरी परीक्षण में पुष्टि हुई कि मुख्य आरोपी ने दुष्कर्म किया है। घटना के प्रयुक्त कार भी बरामद की गई है। आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

### शेड्यूल : यूपीएससी की मुख्य परीक्षा 23 जून को

**सीहोर**। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इंजीनियरिंग सेवा मुख्य परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। डेटशीट के अनुसार इंजीनियरिंग सेवा मुख्य परीक्षा जून में आयोजित की जाएगी। मुख्य परीक्षा 23 जून को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### मतदान दिवस के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**सीहोर**। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 मंगलवार और चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई 2024 सोमवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

## तीसरे चरण के चौथे दिन विदिशा और भोपाल के लिए 9 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन-पत्र

**सीहोर**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से जारी है।

तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र के चौथे दिन गुरूवार को लोकसभा क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 6 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नाम निर्देशन-पत्र, लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 7 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन शनिवार, 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

## स्वीप गतिविधियों के लिए कलेक्टर ने खरसानिया स्कूल के शिक्षक को किया पुरस्कृत

**कलेक्टर ने 21 हजार रुपए का चेक प्रदान कर शिक्षक धनवारे को किया पुरस्कृत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक गतिविधियों के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह नें भेरूंदा तहसील के ग्राम खरसानिया शासकीय हाई स्कूल के शिक्षक संतोष धनवारे को 21 हजार रुपए का चैक प्रदान कर पुरस्कृत किया है।

कलेक्टर श्री सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी ने जिला पंचायत प्रांगण में धनवारे द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर, रंगोली, पेंटिंग, एलबम, मतदान एवं ईवीएम को सरलता से प्रदर्शित करने वाला डायग्राम पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

श्रीधवारे द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अनेक मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों वर्ष 2014 से निरंतर आयोजित की जा रही हैं। श्री धनवरे मास्टर ट्रेनर भी है। उन्होंने मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया कर्मचारियों को सरल विधि से समझाई जाती है। कलेक्टर ने श्री धनवारे के इस कार्य की सराहना की है।

## आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में भगवान परशुराम की जयंती आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए समाज के द्वारा सर्व प्रथम भगवान गणेश को आमंत्रण पत्र भेंट किया, अब समाजजनों के द्वारा आगामी दिनों में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरण किया जाएगा।

देर शाम को शहर के प्राचीन गणेश मंदिर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विप्रजन पहुंचे थे और पूर्ण विधि-विधान से भगवान गणेश को आमंत्रण-पत्र भेंट करने के पश्चात भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया।

## निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा हेल्थ खराब के आधार पर मेडिकल अवकाश को लेकर आवेदन किया था

**सीहोर**। निर्वाचन कार्य में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य खराब होने के आधार पर मेडिकल आवेदन प्रस्तुत करने वालों का मेडिकल बोर्ड के सदस्यों की ओर से 22 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी ने इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, को निर्देशित किया है कि मेडिकल जाचं के लिए मेडिकल बोर्ड को जिला पंचायत सभाकक्ष में उपस्थित हो कर लोकसभा निर्वाचन कार्य में




नियुक्त किये गये कर्मचारी व अधिकारियों की ओर से स्वास्थ्य खराब होने के आधार पर प्रस्तुत मेडिकल छुट्टी आवेदन के आधार पर मेडिकल परीक्षण किया जाना है। इसके लिए 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आवश्यक उपकरणों सहित मेडिकल बोर्ड के सदस्यों को उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें। ताकि निर्वाचन में नियुक्त किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा सके। सीहोर लोकसभा चुनाव की ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## टीबी टीकाकरण की धीमी चाल:लक्ष्य 4 लाख था, केवल 25 हजार लोगों को टीके लगे

**सीहोर**। जिले में टीबी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभियान लक्ष्य से काफी दूर नजर आ रहा है, जहां टीकाकरण में पात्र व्यस्क लोग इससे बचते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिले में फरवरी माह से अभियान की शुरूआत हुई थी। दो माह बीत जाने के बाद भी 25 हजार लोगों को टीबी के वैक्सीन लगाए गए हैं, जबकि चार लाख लोगों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य विभाग के सामने है।

उल्लेखनीय है कि टीबी बीमारी की रोकथाम के लिए व्यस्कों को टीबी वैक्सीन लगाए जा रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्य के लिए एएनएम, सीएचओ को सोमवार और गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाड़ी केन्द्रों में टीकाकरण करना है।

बीते दो महीने से टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन टीकाकरण की गति काफी धीमी है। यह टीके 6 श्रेणी के लोगों को लगाए जा रहे हैं, टीबी मरीज एवं उनके संपर्क में आए लोग, धूम्रपान करने वाले, मधुमेह, 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले, जिनका बॉडीमास इंडेक्स 18 से कम हो ऐसे लोगों को टीके लगाए जा रहे हैं।



### कहां कितने टीके लगे

जिले में अभी तक 25 हजार 515 लोगों को टीबी वैक्सीन लगाए गए हैं। इसमें आष्टा में 6341, बुधनी में 2419 , इछावर में 4184 , नसरूल्लागंज में 2594, रेंहटी में 1529, सीहोर में 3207, सीहोर नगर में 1737, श्यामपुर में 3504, वहीं 13913 पुरुषों को टीबी का वैक्सीन लगाए गए हैं, साथ ही 11578 महिलाओं को टीबी की वैक्सीन लगाए गए हैं। इसको लेकर लोगों में कई प्रकार की भ्रांतियां भी हैं, टीबी वैक्सीन की लोगों को जानकारी नहीं है, इसलिए वह डर भी रहे हैं, वहीं प्रचार प्रसार भी पर्याप्त नहीं हो पा रहा है। वहीं डॉ. मेहरवान सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी का कहना है की टीकाकरण कार्य में जिला बेहतर कार्य कर रहा है, जिले का प्रदेश में तीसरा स्थान है, त्यौहार और छुटिटयों के कारण से काम थोड़ा धीमा हुआ है,आगामी दिनों में टीकाकरण में तेजी आएगी।

## अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए किए जा रहे कई आयोजन

# मतदाता जागरूकता के तहत स्लोगन मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है कि मतदाता जागरूकता के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने एवं अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किया जाये। इसी श्रृंखला में शासकीय महाविद्यालय रेहटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं नगर परिषद रेहटी द्वारा लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ अंजली गढ़वाल के संरक्षण में मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुनीत कुमार मालवी एवं सहायक डॉ दीपक रजने ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वीप प्लान के तहत स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर रंगोली मेहंदी बनाई तथा स्लोगन लिखकर महाविद्यालय में उपस्थित नवीन वोटर एवं अन्य लोगों को ज्यादा से ज्यादा वोट डालने के लिए जागरूक किया। आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी श्री राजाराम रावते एवं केंपस एम्बेसडर शेखर पैठारी, डॉ मनमोहन द्विवेदी, डॉ सुरेश सोलंकी सहित समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में सहयोग किया गया।



## गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर प्रशिक्षित सर्वेयर और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर**। रबी विपणन वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर प्रशिक्षित सर्वेयर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्ला. कार्पो., जिला प्रबंधक, म.प्र. वे.हा. एण्ड लॉजि. कार्पो सीहोर को निर्देशित किया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-24 में गेहूं उपार्जन के लिए उपार्जन केन्द्रों पर गुणवत्ता से संबंधित प्रशिक्षित सर्वेयरों की पदस्थी एवं गुणवत्ता परीक्षण से संबंधित समस्त उपकरण उपलब्ध कराये जाये और साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कि जाये। कलेक्टर श्री सिंह निर्देश दिये कि शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति में निहित प्रावधान अनुसार उपार्जन केन्द्र पर मेकेनिकल ग्रेडिंग, बड़े छनने, पंखे सफाई एवं एफएक्यू जॉच के उपकरण रखना अनिवार्य है। उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त संसाधन प्राथमिकता पर उपलब्ध कराये एंव एफ.ए.क्यू क्वालिटी का ही गेहूं उपार्जित कराया जाना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### 25 अप्रैल तक भेज सकते हैं प्रविष्टि

**सीहोर।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता होगी। इसमें शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए का दिया जाएगा। साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजना होगी। साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

### प्रोफाइल अपडेट करने की समय-सीमा समाप्त

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया से पहले कॉलेजों को अपनी प्रोफाइल अपडेट करने के लिए 16 अप्रैल तक का समय दिया था। यह तारीख निकल चुकी है, लेकिन कई कॉलेज ऐसे रह गए हैं, जो तकनीकी वजहों से प्रोफाइल अपडेट नहीं कर पाए हैं। ऐसे कॉलेजों को अब तारीख आगे बढ़ने की आस है। अगर तारीख आगे नहीं बढ़ी तो यह कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो सकते हैं। वहीं यूनिवर्सिटी के द्वारा कॉलेजों के प्रोफाइल सत्यापन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरु कर दी गई है। जिन कॉलेजों की संबद्धता दिए जाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है ऐसे कॉलेजों की प्रोफाइल को यूनिवर्सिटी सत्यापित करेगी। जिन कॉलेजों को संबद्धता नहीं दी गई है उनकी प्रोफाइल यूनिवर्सिटी द्वारा सत्यापित नहीं की जाएगी।

### 30 अप्रैल के बाद चुनाव में नहीं लगेगी अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी

**सीहोर।** संचालक लोक शिक्षण ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को कहा है कि अतिथि शिक्षकों की सेवाएं निर्वाचन कार्य में नहीं ली जाएं। अतिथि शिक्षकों की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई हैं। इसके बाद अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने का प्रावधान नहीं है। निर्वाचन कार्य में अतिथि शिक्षकों को यथासंभव न लगाया जाए। यदि बहुत जरूरी होने पर ऐसा किया जाना है तो उनकी ड्यूटी 30 अप्रैल 2024 तक ही निर्वाचन कार्य में लगाई जाए। इसके बाद उनकी ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती।

### विश्वनाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का छटवां दिन

# राम को कैकेयी के वनवास ने बनाया श्रीरामः उद्धवदास महाराज

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को सुबह प्रारंभ होगा व 23 अप्रैल को समापन पश्चात हवन किया जाएगा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिस केकैयी की सब लोग निंदा करते हैं और रामजी को वनवास भेजने का दोषी मानते हैं, यदि केकैयी नहीं होती तो रामजी को वनवास नहीं होता यदि रामजी को वनवास नहीं होता तो वे राजा राम रहते कभी भी सबके आराध्य श्रीराम नहीं बन पाते। वनवास में अनगिनत जीवों का उद्धार और मानव जीवन के कष्टों को सहने का सफलतम उदाहरण प्रस्तुत करने पर राम को भगवान श्री राम के रूप में जन-जन के पूज्य होने का अधिकार मिला। केकैयी ने राम के कहने पर ही उनके लिए वनवास मांगा था क्योंकि यदि राम वन में नहीं जाते तो हजारों सालों से उनकी राह देख रहे जीवों का उद्धार नहीं हो पाता और भगवान के अवतार का उद्धेष्य ही पूरा नहीं होता इसलिए केकैयी निंदा की नहीं प्रषंसा की पात्र हो जाती है।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के छटवें दिवस बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा लोग कहते हैं कि सत्संग का लाभ नहीं मिलता लेकिन जब तक आप कुसंग का साथ नहीं छोडोगे तब तक आपको सत्संग का लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि एक घडी का सत्संग भी आपके करोडो पापों को नष्ट करने की क्षमता रखता है वहीं एक घडी का कुसंग भी आपके अनगिनत पुण्यों को खराब कर सकता है। यदि आप निरंतर पाप कर्म में लगे रहोगे तो सत्संग के बाद भी पाप नष्ट नहीं हो सकेंगे । महाराज श्री ने कहा कि हर जगह अच्छे और बुरे लोग पाए जाते हैं जैसे अयोध्या में भगवान श्री राम के होते हुए भी मंथरा की दुर्बुद्धि नहीं गई वहीं लंका में राक्षसराज रावण के होते हुए भी विभीषण ने अपनी भक्ति नहीं छोडी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में दो बुद्धि होती है एक सुमति और दूसरी कुमति। यह हमें तय करना है कि हम किसी बुद्धि के अनुसार अपना जीवन चलाते हैं। अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज श्री के साथ संगीत टीम में सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री विषाल व्यास, सहित उनके संगीतज्ञ साथीगण विजेन्द्र मेवाडा, कमलेष, सचिन एवं शुभम नायक ने श्रीराम कथा के दौरान अपने हुनर से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। आज कथा में भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का वर्णन किया गया, करूण रस से भरे हुए सजीव वर्णन से श्रोता भावविहल हो उठे और उनकी आंखों में आंसू छलक उठे।

## रंगोली बनाकर मतदान के लिए किया गया जागरूक



**सीहोर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सीएम राइस शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी विद्यालय आष्टा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रंगोली बनाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

### लोकसभा निर्वाचन को दृष्गित रखते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध कर शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी एवं इछावर में 05 मई 2024 की सांय 6 बजे से 07 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 11 मई 2024 की सांय 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक मदिरा की बिक्री प्रतिबंध करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में 04 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## रामराज बैठे त्रिलोका हृदय में राम बिठालो सारी पिड़ा मिट जाएगी:पं.मोहितराम



**सीहोर।** भगवान राम का धरा धाम पर विराजमान होने मात्र से संपूर्ण सृष्टि के संसार के सारे शौक सारे दुख सारे संकट सारी पीड़ा मिट जाती है। भगवान श्रीराम आनंद के सिंधु में सुख की राशि है ऐसी प्रभु श्रीराम को अपने हृदय की अयोध्या में विराजमान कर मानव को भी अपने सारे संकट सारे दुख पीड़ा मिटा लेना चाहिए। उक्त उद्गार ग्राम पचामा की पावन भूमि धर्मस्थली में पूज्य गुरुदेव भगवान धर्म रक्षक संत श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के संचालन में चल रहे। श्री मारुति नंदन महायज्ञ श्री हनुमंतलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चल रही श्रीराम कथा अमृत महोत्सव में राष्ट्रीय कथा व्यास परम गौभक्त संत पंडित मोहितरामजी पाठक ने अपनी अमृतवाणी में कहे। आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा राम मंगल भवन अमंगल के हरि हैं। जिसके हृदय में जिस घर में जिस मुख पर राम नाम होता है, वहां सदैव मंगल ही मंगल होता है। कितना ही बड़ा दुख संकट आ जाए अमंगल हो नहीं सकता। ग्राम पचामा भगवान श्रीराम की पावन भूमि है। जहां कथा के दौरान पचामा शब्द का वर्णन करते हुए, कहा कि जिस क्षेत्र की पांच माता पंच माँ उसे पचामा कहा जाता है। कौशल्या केकई सुमित्रा जानकी और माता पार्वती जिस ग्राम की रक्षा करें। अपना आशीर्वाद प्रदान करें उसे ही पचामा कहा जाता है। हम सब भी पांच माँ उसे जगत पिता परमेश्वर भगवान श्रीरामचन्द्र प्रभु के चरणों में बैठकर अपना जीवन धन बनाएंगे। आज द्वितीय दिवस की कथा में सती चरित्र का वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति धर्मस्थली ग्राम पचामा ने समस्त क्षेत्र वासियों से कथा एवं यज्ञ में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, हुए नामांकन रैली में शामिल



**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इसके बाद वे भोपाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा की नामांकन रैली में शामिल हुए। इससे पहले श्री अरोरा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ में भोपाल पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके चुनाव से संबंधित चर्चा भी की। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अहम दायित्व भी सौंपे। सीहोर जिले की सीहोर, इछावर, आष्टा एवं बुधनी विधानसभा में भाजपा की एकतरफा जीत होगी। सभी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में माहौल है और हर तरफ राम-राम की जय-जयकार हो रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले में इतिहास रचने जा रही है। श्री अरोरा ने भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा की नामांकन रैली में भी सहभागिता की एवं उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंच भी साझा किया।

### हर्षा राठौर भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**सीहोर** । मध्य प्रदेश के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा , भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, सीहोर विधानसभा विधायक सुदेश राय , नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन की अनुशंसा से जिला भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष हर्षा राठौर को नियुक्त किया गया है। हर्षा राठौर ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है एवं उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य होगा । उनकी इस नियुक्ति पर बधाई देने वालों में नूतन राठौर जिला मंत्री ,सरोज ठाकुर ,सीमा परिहार ,सुनीता आर्य ,मिथिलेश राठौर, प्रीति सोनी ,प्रभा राठौर, रजनी राठौर ,रीता राठोर ,संगीता एवं भाजपा महिला मोर्चा एवं राठौर क्षत्रिय समाज महिला मंडल ने बधाई दी है ।



## मानसरोवर सेवा समिति ने कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचकर भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से की भेंट



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में मानसरोवर सेवा समिति की ओर से आधा दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने समाजसेवी संजय कश्यप के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग हरीहर नगर, ग्राम फंदा कला स्थित मानसरोवरधाम में आगामी 22 अपै्रल से 26 अप्रैल तक होने वाले नौ देवियों की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा एवं सूर्य कलश, विशाल घंटे की स्थापना के दिव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भेंट किया। इस मौके पर श्री राधेश्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि वह दिव्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मानसरोवर सेवा समिति के श्री कश्यप ने बताया कि महंत रामप्रवेश दास गुफा मंदिर, हरिहर मंड के महंत शंकरदास स्वामी की प्रेरणा से काशी के यज्ञाचार्य पंडित उमाशंकर याज्ञिक, सहयोगी आयार्च रामकुमार देवलिया, पंडित शालिग्राम, पंडित श्रीकांत मिश्रा और पंडित लेखराज शर्मा आदि के मार्गदर्शन में आगामी 22 से भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मानसरोवर धाम में नौ देवियों की प्राण-प्रतिष्ठा एवं सूर्य कलश के अलावा करीब 108 किलोग्राम विशाल घंटे की स्थापना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सोमवार को सुबह कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन किया जाएगा। मंगलवार को वास्तु पूजन-कर्मकुट, बुधवार को अग्रि स्थानपना के अलावा गुरुवार सुबह जलाधिवास, अन्नाधिवास, शेयाधिवास, मूर्ति का स्थान और शुक्रवार को मंडप पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

## मारवाड़ी महिला मंडल सीहोर के चुनाव संपन्न रजनी बहेती बनीं अध्यक्ष, सचिव मंजू भरतीया







**सीहोर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शाखा के चुनाव संपन्न हुए। मंडल की बैठक में सर्व सम्मति से रजनी बाहेती को अध्यक्ष पद मनोनित किया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, सचिव मंजू भरतीया, कोषाध्यक्ष, गीता सोडाणी सह सचिव विनिता सोनी चुनी गई। इसके अलावा संरक्षक राजू पालीवाल, प्रकल्प प्रमुख संबंध प्रकल्प प्रतिभा झवर, पर्यावरण शशि विजयवर्गीय, संध्या विजयवर्गीय, संस्कार निर्मला व्यास, महिला सशक्तिकरण पुष्पा सोनी, किरण सोनी, रक्तदान नेत्रदान सरोज सोनी, आभा कासट, बाल विकास प्रकल्प ज्योति अग्रवाल मंजू अग्रवाल चुनी गई। मंडल की सभी पदाधिकारी सहित सदस्यों प्रेमा रुठिया, ज्योति रूठिया, राधा शर्मा, इंदु भावसार, लता खंडेलवाल आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई दी एवं कदम से कदम मिलाकर सेवा कार्यों में साथ देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष रजनी बाहेती ने आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने भी सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### निर्वाचन की दृष्टिगत शुष्क दिवस घोषित




**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा सीहोर, बुधनी, इछावर में 05 मई 2024 की शाम 6 बजे से 07 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक और आष्टा विधानसभा में 11 मई 2024 की शाम 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में संपूर्ण जिले में 04 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## पीपीसीए अकादमी की ओर से युरेश भारती 108 और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी के अंतर्गत गुरुवार को एक अभ्यास मैच खेला गया था। जिसमें पीपीसीए आकदमी ने पीपीसीए बी को 76 रन से हराया। अब आगामी 22 अपै्रल से प्रतियोगिता का सेमीफाइनल चरण आरंभ होगा। इस मैच में अकादमी के विस्फोटक बल्लेबाज युरेश भारती ने 98 गेंद पर 108 रन और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन की नाट आउट पारी खेली थी। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की सबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए अकादमी टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट खोकर 340 रन बनाए थे। अकादमी की शुरूआत सलामी बल्लेबाज भविष्य ने 25 रन और चिराग ने 16 रन बनाकर की थी, इसके पश्चात रोहन चंद्रवंशी ने मात्र 19 गेंद पर 50 रन के अलावा युरेश भारती ने 108 रन और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन बनाए थे। इधर पीपीसीए बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज ने तीन विकेट, सक्षम-जय ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए बी की टीम 264 रन ही बना सकी। इसमें विकास सास्ते ने 79 रन के अलावा वीर गावा ने 80 रन की संघर्षपूर्ण पारियां खेली। इधर विवेक प्रजापति ने चार विकेट, अर्पित ने दो विकेट के अलावा शरद ने तीन विकेट हासिल किए। आज का मैन आफ द मैच युरेश भारती को दिया गया।

### खामखेड़ा जत्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन

# पांडव, देवकी, राधा, सुदामा, प्रहलाद द्रोपदी सब भगवान के लिए रोएः रविशंकर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खामखेड़ा जत्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं के समक्ष श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी ने कहा कि परिजनों के लिए सब रोते है लेकिन परमात्मा के लिए कोई नहीं रोता है, परमात्मा के लिए रोने वाले पाडंव,देवकी,राधा, प्रहलाद द्रोपदी, सुदामा गोप गोपियां संत महत्मा सब अमर होकर पूजनीय हो गए। हमें भी परिजनों के लिए नही परमात्मा के लिए रोना चाहिए। दान की महीमा बताते हुए श्री तिवारी ने कहा कि दान करने से कभी पीछे नही हटना चाहिए क्योंकी दान करने से धन सौ गुना बढ़ता है और दान नहीं करने से धन घटता है। दानी का धन आम के पेड़ की तरह बढ़ता है और दान नहीं करने वाले का धन गाजर मूली की तरह जड़ से खत्म हो जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग सुनाते हुए पं तिवारी ने कहा कि भोमासुर नामक राक्षस ने अपने कारागार में हजारों युवतियों को बंधक बना लिया था इन युवतियों को भगवान ने राक्षस को मारकर कारागार से रिहा कराया था तब भगवान ने युवतियों के निवेदन पर उनसे बिवाह किया था इस प्रकार भगवान का प्रथम विवाह रूकमण जी फिर जामवंत की पुत्री जामवती से जिस के उपरांत राजा की पुत्री सत्याभामा से हुआ। भगवान के इस प्रकार 16 हजार 108 विवाह सम्पन्न हुए। सुदामा चरित्र सुनाते हुए श्री तिवारी ने कहा कि उज्जैन आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते हुए बालसखा श्रीकृष्ण को श्राप से संत सुदामा ने श्रापित चने खाकर बचा लिया था यदी श्रीकृष्ण चने ग्रहण कर लेते तो दानहीन श्रीहीन हो जाते। लेकिन श्राप के प्रकोप के कारण संत सुदामा को भिक्षा के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ी। भगवान के परम भक्त सुदामा के लिए भगवान द्वारकाधीश स्वयं रोते हुए अपने सिंहासन से उतर कर द्वार तक आ जाते है। भगवान स्वयं अपने हाथों से सुदामा के पेर धोते है। भगवान की भक्ति सुदामा की भांति करनी चाहिए। गुरू पुर्णिमा महोत्सव के निमित हो रही श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिन बड़ी संख्या में खामखेड़ा जत्रा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के श्रध्दुलओं के द्वारा श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी के श्रीमुख कथा का श्रवण किया।

### जागरूकता के लिए बनाई जाएगी मानव श्रृंखला

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय सीहोर में 24 अप्रैल को बृहद मानव श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय आवासीय खेलकूद संस्थान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी तथा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। जिपं के सीईओ आशीष तिवारी ने वृहद स्तर पर मानव श्रृंखला की आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित जनजातीय कार्य विभाग, (म.प्र)**

सीहोर - इंदौर बाईपास रोड, R.T.O ऑफिस के सामने, क्रिसेंट चौराहा, सीहोर (म.प्र) - 466001
मो.नं - 9616088184 Email: sehoreksp@gmail.com, website: www.kspsehore.ac.in
दिनांक - 20 अप्रैल 2024

कन्या शिक्षा परिसर सीहोर, सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में पाठ्य एवं सन्दर्भ पुस्तकें हेतु प्रतिष्ठित/पंजीकृत अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा आवेदन पत्र स्कूल की वेबसाइट www.kspsehore.ac.in पर 20 अप्रैल से 10 मई 2024 तक उपलब्ध हैं तथा विद्यालय से भी निविदा फॉर्म प्राप्त किये जा सकते है। दिए गए विवरण में स्कूल की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन किये जा सकते हैं। प्रिंसिपल के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी निविदा आवेदनों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। सभी कानूनी मामले का क्षेत्र जिला सीहोर रहेगा। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय से संपर्क करें।

**प्रिंसिपल**

### दो राज्यों को मिलाने वाले बस स्टैंड पर प्रतिक्षालय के अभाव में धूप में तपते यात्री

# लोकार्पण के बाद बस स्टैंड बना शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ⏩ माचलपुर

माचलपुर नगर के बस स्टेंड से सोयत, भोपाल, इंदौर एवं झालावाड़ राजस्थान से संपर्क रोड़ जुड़े हुए हैं जिससे माचलपुर बस स्टेंड पर हर रूट के यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने हेतु बसों के इंतजार में बैठे रहते हैं।

लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि माचलपुर बस स्टेंड पर यात्रियों को सिर छुपाने के लिए एक अदद यात्री प्रतीक्षालय भी नसीब नहीं हैं जिसकी वजह से यात्री तपती धूप में इधर उधर कहीं किसी होटल में ,तो कहीं अन्य दुकानों के सामने बैठे दिखाई देते हैं जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।




## प्रतिक्षालय तोड़ बनाई दुकानें

माचलपुर नगर में जहां पर वर्तमान में बसें खड़ी होती है वहां पहले एक यात्री प्रतीक्षालय निर्मित था लेकिन नगर परिषद द्वारा अपनी आर्थिक आमदनी बढ़ाने के लिए यात्रियों को सुविधाओं से ही वंचित कर दिया। जहां प्रतिक्षालय था उसे तोड़कर वहां दुकानों का निर्माण कर दिया जिससे यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में इधर उधर भटकते रहते हैं। यात्री सुविधाओं के नाम पर यहां एक सार्वजनिक सुलभ शौचालय हैं जिसमें भी अक्सर साफ सफाई का अभाव रहता है। वहीं कथित बस स्टेंड पर एक सार्वजनिक मूत्रालय है वह भी ढंग का नहीं है। इस मूत्रालय में पुरुष वर्ग के भाग में एक पत्थर की पट्टी लंबे समय से टूटी हुई है।

## सांसद ने किया था लोकार्पण

विकास के नाम पर यहां मसानिया तलाई पर 50 लाख रुपए की लागत से नगर परिषद द्वारा नवीन बस स्टेंड बनाया है जिसका विधानसभा चुनाव 2023 के पहले सांसद रोड़ मल नागर के कर कमलों से लोकार्पण भी कर दिया गया लेकिन बस स्टेंड का लोकार्पण कागजों तक सीमित रह गया। अभी तक यह नवीन बस स्टेंड महज शो पीस बना हुआ है। 22 सितंबर सन् 2021 से चल रहे इस नवीन बस स्टेंड के विकास कार्य के यह हाल है यहां भी नगर परिषद द्वारा यात्रीयों की सुविधाओं से ज्यादा अपनी आमदनी बढ़ाने पर ध्यान दिया गया। नवीन बस स्टेंड पर नगर परिषद द्वारा अपनी आमदनी के लिए 10 दुकानों का निर्माण किया गया। जबकि लोकार्पण होने के बावजूद इस नवीन बस स्टेंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय एवं मूत्रालय के निर्माण का नामोनिशान भी नहीं है।

## गुणवत्ता के हाल बेहाल

माचलपुर नगर में मसानीया तलाई पर बने नवीन बस स्टेंड के लोकार्पण होने के बाद इसे शुरू नहीं करना अलग बात है। लेकिन इस बस स्टेंड का निर्माण कार्य कितनी गुणवत्ता से किया गया इस बात का अंदाजा आप यहां चबूतरे की निकली पट्टियों से लगा सकते हैं। यहां चबूतरे की अभी से एक साइड की दो जगह पट्टियां निकल गई है। वहीं इधर-उधर इतनी गंदगी के ढेर देखे जा सकते हैं, जिससे लगता ही नहीं कि यह नवीन बस स्टैंड है।

### सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे

*यह सही है कि नवीन बस स्टेंड का लोकार्पण हो चुका है। लेकिन वहां अभी शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने पर शीघ्र वहां मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराकर बस स्टेंड शुरू कर दिया जाएगा।*

**मनोज नामदेव**
सीएमओ नगर परिषद माचलपुर

# तात्याटोपे की निशानी वाले गेट की मरम्मत भूली नपा व पुरातत्व विभाग

### पूरी तरह से डैमेज हो चुका है इतवारिया गेट का एक हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

नगर में अनेक स्थानों पर रियासतकालीन इमारतें, धरोहरें पुरातात्विक अनदेखी का षिकार हो रही हैं। अनदेखी का इसी तरह का नजारा इतवारिया गेट है जिससे क्रांतिकारी तात्याटोपेजी की भी यादें जुड़ी हुई हैं। इस गेट के एक हिस्से को पिछली परिषद के समय दीवार से सटाकर रखवा दिया गया था। तभी से उक्त गेट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कुछ माह पूर्व इस गेट की मरम्मत का काम नगर पालिका ने भी अपने मद से करवाने की बात कही थी। उस बात को भी करीब सात से आठ माह होने को है लेकिन गेट अभी भी अपनी दुर्दषा पर आंसू बहा रहा है। पूरी तरह से खराब हो चुके गेट की मरम्मत लकड़ी के अच्छे कारीगरों से करवाई जाए तो यह पुर्नस्थापित भी करवाया जा सकता है।



## तात्याटोपे मारकर गए थे गोला

उल्लेखनीय है कि आजादी के पूर्व जब तात्याटोपे स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ते हुए अलग-अलग राजाओं, रियासतों से सहयोग मांग रहे थे। जब उनका राजगढ़ रियासत से गुजरना हुआ था तो उन्हें यहां से अपेक्षित सहायता नहीं मिल पाई। इससे आक्रोषित होकर उन्होंने राजगढ़ में प्रवेष के इस इतवारिया गेट पर एक गोला दागा था। उस गोले के विस्फोट से गेट में बड़ा होल भी हुआ था।

## रैली निकालकर मतदान का दिया संदेश

**सुठालिया।** गुरुवार दोपहर कन्या हाई स्कूल और नगर परिषद ने स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश अनुसार सीएमओ इकरार अहमद नपा कर्मीयो ने शासकीय कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य छात्राओं के साथ रैली निकाली। रैली निकालकर मतदान रूपी महायज्ञ को अपने मत की आहुति से अभियान को सफल बनाएंगे।

# बदलते मौसम ने अस्पताल में बढ़ाए उल्टी-दस्त के मरीज

### समस्या से निजात- भर्ती मरीजों को अब चिकित्सक का नहीं करना पड़ेगा इंतजार

**सारंगपुर।** शासकीय सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को अब चिकत्सक के इंतजार में न तो इधर उधर भटकना पड़ेगा और न ही भर्ती पर्चे के लिए नर्सों के पास जाने की आवश्यकता होगी। बता दे की अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को चिकत्सक को दिखाने के लिए पहले ड्यूटी नर्सों से उपचार लिखे पर्चे के लिए जद्दोजहद करना होती थी, बाद में कही जाकर दिखाए हुए डॉक्टर के पास उसका उपचार लिखा जाता था। किंतु अब अधीक्षक मनीष चैहान ने मरीजों की सुविधा को देखते हुए डाक्टरों को निर्देश दिए है की भर्ती मरीजों का तत्काल इलाज शुरू किया जाए बाकी कागजीपूर्ति ड्यूटी नर्स के जिम्मे रहेगी।




## एमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर भी देखेंगे भर्ती मरीज

अधीक्षक चैहान ने पदस्थ सभी डॉक्टरों को निर्देश दिए है की फिलहाल अस्पताल में मौसमी बीमारी से ग्रसित उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। अगर ऐसे में किसी भर्ती मरीज को उपचार की आवश्कता पढ़ती है तो उसे एमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर को देखना होगा। बता दे की अस्पताल में पदस्थ नर्सों द्वारा मरीजों को अन्य चिकत्सक को दिखाने पर उपचार पर्चा मरीजों को नही दिया जाता था और न ही ड्यूटी डॉक्टर को मरीज को हो रही परेशानी से अवगत कराया जाता था, जिसके चलते अधीक्षक ने मरीजों की सुविधा के लिए यह निर्देश जारी किए है।

# बाइक पर अवैध कच्ची शराब परिवहन करते एक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुना

### केंट थाना पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान मिली सफलता

आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त कारोवारियों पर कार्यवाही हेतु दिये जा रहे निर्देशों के तहत गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना ज्योति उमठ के पर्यवेक्षण में केंट थाना पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान बाईक पर अवैध कच्ची शराब परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 17 अप्रैल 2024 के दोपहर में केंट थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा ऊमरी रोड़ स्थित ग्राम भवपुर की पुलिया के पास वाहन चैकिंग की जा रही थी, इस दौरान ऊमरी तरफ से एक पल्सर मोटर सायकिल पर दोंनो तरफ प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनें लटकाये हुए एक व्यक्ति आता दिखा, जिसने पुलिस चैकिंग को देखते ही अपनी मोटर सायकिल को एकदम वापस से मोड़कर भागना चाहा, जिसके संदिग्ध लगने पर पुलिस फोर्स द्वारा उसका पीछा व घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया । जिसने पूछताछ पर अपना नाम अयान पुत्र लालू पठान उम्र 20 साल निवासी ग्राम पिपरौदा खुर्द थाना केंट गुना का होना बताया । जिसके पुलिस को देखकर इस तरफ मोटर सायकिल मोड़कर भगने पर उसे संदेही जानकर पुलिस द्वारा जिसकी तलाशी गई तो उसकी मोटर सायकिल पर बंधी हुई दोंनो केनों में हाथ भट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई । आरोपी के कब्जे से बरामद 60 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं उक्त शराब परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकिल को पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी अयान पठान को गिरफ्तार किया गया एवं जिसके विरुद्ध केंट थाने में अपराध क्रमांक 400/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । अवैध शराब के विरूद्ध केंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, सउनि मिट्ठूलाल विसौरिया, आरक्षक अर्जुन यादव, आरक्षक विनोद धाकड़ एवं आरक्षक जितेन्द्र वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# मतदाता साक्षरता अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता साक्षरता क्लब के द्वारा मतदाता साक्षरता हेतु महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोइया द्वारा मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य, महाविद्यालय स्टाफ तथा छात्र छात्राओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलवाई गई। मतदाता नोडल अधिकारी प्रो. संगीता गुप्ता द्वारा मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य, महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को सी विगिल ऐप डाउनलोड करवाया गया तथा साक्षरता क्लब के मेंटर शिक्षक डॉ शिवराजसिंह राठौर द्वारा सभी सदस्यों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया।

# सराना में निशुल्क विवाह कार्यक्रम हुआ सपन्न



**कुरावर।** गुरु स्थापना एवं निशुल्क कन्या विवाह सेवा समिति के लोगों द्वारा झंडा वंदन किया गया। इसी के साथ समिति के लोगों द्वारा बताया गया है कि विगत 2023 वर्ष में रविदास गुरुकुल आश्रम में गुरु महाराज की स्थापना रखी गई थी, और उसी के उपलक्ष में आने वाले 5 वर्ष तक हम इसी प्रकार का कार्य करते रहेंगे तथा वही साथ में जो गरीब वर्ग रहता है जो अपनी कन्याओं का विवाह करने में अर्समथ रहते हैं इसी कन्याओं का निशुल्क विवाह करने का हमारी समाज के लोगों द्वारा यह बीड़ा उठाया गया है। और इसको आने वाले 5 सालों तक इसी प्रकार से मनाया जाएगा एवं इसमें सभी समाज के लोगों की ओर से पूरी भूमिका रहेगी और सभी लोग यही चाहते हैं कि हमारा वर्ग ऊपर उठे और खर्चे से बचने का प्रयास करें एवं वही हम समिति के लोगों द्वारा चंदा इकट्ठा करके कोई आर्थिक सहायता लेकर हम कन्याओं का पर पूजन कर सके तथा और हमारी समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि लड़को की गुरु महाराज की स्थापना के उपलक्ष में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम गुरुकुल आश्रम सराना में निशुल्क विवाह का आयोजन किया जा रहा है।

# सकल पंच फूलमाली समाज ने धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

### भाजपा कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी हुए शामिल, निकला

हरिभूमि न्यूज ⏩ सारंगपुर

नगर के सकल पंच फूल माली समाज के 6 मोहल्लो की पंचायतो के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसके तहत बुधवार रात्रि को समाज के सभी मोहल्ला बागकुआ टंकी, मुकेरवाडी, भैरूदरवाजा, पछेटवाडी,किडी,खारीया के मंदिरों में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। साथ ही कही छप्पन भोग लगा कर तो कही दीपोत्सव मनाकर महा प्रसादी का वितरण किया गया।

वही गुरुवार को चेति दशहरा के पावन पर्व पर नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया जिसके अंतर्गत समाज के सभी मोहल्लों से अखाड़े अपने नियत मार्ग से होते हुए गाँधी चोक पहुँचे। साथ ही भगवान के विमान एवं भजन मंडलिया तथा झाँकियों के साथ सबसे पहले समाज के युवा समाजसेवी राजेश पुष्पद घोडे पर सवार हाथ मे भगवा ध्वज थामे चल रहे थे। चल समारोह ढोल ढमाके के साथ गांधी चैक से प्रारंभ होकर सदर बाजार महाकाल चैराहा त्रिपोलिया गली मंडई चोक जामा मस्जिद रंगेरवाडी होते हुए बागकुआ टंकी स्थित समाज की धर्मशाला में पहुँच कर



## भाजपा कांग्रेस दोनो प्रत्याशी हुए शामिल

फूल माली समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह में लोकसभा चुनाव मे भाजपा उम्मीदवार सांसद रोडमल नागर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सहित अन्य भाजपा नेता चल समारोह में शामिल हुए वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपने जिले के नेताओं के साथ चल समारोह में शामिल हुए।

# पूर्णाहुति के साथ हुआ नौ कुंडीय रुद्र महायज्ञ का समापन, हजारों भक्तों ने ली महाप्रसादी

**ब्यावरा।** समीपस्थ ग्राम भगोरा में नवरात्रि महोत्सव के दौरान धार्मिक स्थल मदागन आश्रम पर ग्रामीणों द्वारा नौ कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन किया गया। जिसका समापन रामनवमी को पूर्णाहुति के साथ किया गया। इस मौके पर भगोरा गांव सहित आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति की महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया एवं महाप्रसादी ग्रहण की। यज्ञ के आयोजन में आचार्य बनवारी शर्मा भगोरा द्वारा वेद मंत्रोचारण के साथ 47 यजमानों द्वारा जोडों के साथ सवा लाख आहुतियां विश्व शांति एवं गांव सहित क्षेत्र की खुशहाली के लिए दिलाई गई। इसी आयोजन में कथावाचक पं.प्रहलाद शर्मा धानियाखेड़ी वाले के मुखारविंद से राम कथा का प्रवचन दिया गया। जिसका हजारो लोगों ने श्रवण कर धर्म लाभ लिया। यज्ञ आरम्भ से पूर्व प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ भव्य चल समारोह पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल मदागन आश्रम पर पहुंचा।



## गायत्री मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरावर

नगर परिषद कुरावर के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर के गायत्री मंदिर में हवन एवं कन्या भोज आयोजन के अवसर पर नगर परिषद कुरावर में मतदाता जागरूकता अभियान के प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ ग्रहण कराई गई इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर परिषद कर्मचारी मनोज शर्मा कैलाश पवार दौलत सिंह मीणा अरुण चंद्रवंशी एवं नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

### जिम्मेदार बोले- नहीं हुए दिसंबर व जनवरी के बिल पास, दुकानदारों ने सामान देना किया बंद

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 2 महिनों से प्रसूताओं को नहीं मिल रहा जरूरी भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ ब्यावरा

**शासन ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रसव के बाद स्वास्थ्य केन्द्र पर भोजन देने की योजना बनाई गई है। राजगढ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में महीने भर से प्रसूता महिला को मिलने वाला भोजन नहीं मिल रहा है।और डिलीवरी कराने आए महिलाओं को भूखा रहना पड़ रहा है या घर से भोजन की व्यवस्था करानी पड़ रही है। नियमतः डिलीवरी कराने आई महिलाओं को अंडा और दूध तो छोड़िए दाल-रोटी भी नसीब नहीं हो रहा।**

जिसमें उन्हें नाश्ता और दो समय का खाना और पौष्टिक आहार जैसे दूध, काजू, किशमिश के लड्डू, रोटी, हरि सब्जी और अन्य पौष्टिक आहार दिया जाना होता है। जिसमे 100 रुपये से अधिक की राशि शासकीय योजना के तहत शासन प्रदान करती है, जो कि कुल 100 रुपये से अधिक का बजट एक प्रसूता महिला के लिए शासन द्वारा दिया जाता है। बजट होने के बावजूद उन्हें खाना क्यों नहीं दिया जा रहा यह समझ से परे है।बताना लाजमी होगा कि उक्त सामूदायिक स्वास्थ केन्द्र बोड़ा में महीने भर में करीबन 30 से 40 महिलाओं का डिलीवरी होती है। जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती होती है तो उसे पोषणयुक्त दोपहर व रात्रि भोजन और सुबह का नाश्ता निशुल्क देने का प्रावधान है



## बिलों का भुगतान न होने के कारण नहीं मिल पाया प्रसूताओं को भोजन

*इस बारे में 'डॉ.धर्मेन्द्र वामनी',मेडिकल ऑफिसर बोडा ने बताया कि हालात यह है कि दिसंबर 23 और जनवरी 24 में जिन प्रसूताओं को भोजन बांटा गया था उसके किराना, दूध, आदि सामग्री के बिलो का भुगतान ऊपर से न होने के कारण अस्पताल में प्रसूता को भोजन देना बंद है। दुकानदारों ने अस्पताल में समान देना बंद कर दिया है ,उनका पेमेंट ऊपर से नही होने के कारण। इसलिए वैकल्पिक तौर पर रोगी कल्याण समिति से फरवरी, मार्च में व्यवस्था की गईं थीं और आगे भी भोजन व्यवस्था करने का प्रयास कर रहे हे। जैसे ही नरसिंहगढ़ से पेमेंट होगा वैसे ही भोजन व्यस्वथा सुचारू रुप से चालू करवा दी जाएगी।*

## बोलीं प्रसूताएं



### केस 1

प्रसूति महिला रचना ने बताया की बोड़ा अस्पताल में मेरी डिलेवरी हुए तीन दिन हो चुके है। मैं अस्पताल मै भर्ती हूं मुझे खाने में कुछ नहीं मिला है चाय, दूध, दाल रोटी कुछ भी नहीं।



### केस 2

प्रसूति महिला प्रियंका रंजितपुरा ने बताया की बोड़ा सरकारी अस्पताल में भोजन कुछ भी नहीं मिला है न चाय, न नाश्ता,न भोजन मिला है। होटल से मंगवाकर खा रहे हैं।



### केस 3

प्रसूति महिला शोभा भिलाला ने बताया कि 1 दीन हो गया। खाने के लिए कुछ भी नहीं मिला है। न चाय, नाश्ता, खाना, कुछ नहीं मिला। प्रसूति महिला अटेंडर रामकन्या ने बताया की तीन दिन होने वाले वाले मेरी बहु को खाने को कुछ भी नहीं मिला है। बाहार से व्यवस्था कर रहे हैं।

### पता करवाता हूं क्यों नहीं मिल रहा भोजन

वहां तो भोजन मिलता है फिर भी चलो पता करता हूं, बोड़ा में प्रसूता महिलाओं को भोजन क्यों नहीं मिलता है।

**राजेंद्र कुमार अहिरवार**, सीबीएमओ नरसिंहगढ

**खबर संक्षेप**

## वास्तवार दंपत्ति ने रक्तदान कर मनाई विवाह वर्षगांठ



**सीहोर।** नवयुवकों और नवयुवा दंपत्ति में अपने जन्मदिन व विवाह वर्षगांठ के अवसरों को यादगार बनाने के लिए अनूठे प्रयास किए जा रहे हैं. इन प्रयासों में पौधरोपण करना, रक्तदान करना या फिर निर्धन बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान करना शामिल है. इसी क्रम में शुक्रवार को शहर के मण्डी क्षेत्र निवासी वास्तवार दंपत्ति ने अपनी 20वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए रक्तदान का निर्णय लिया. अपनी 20वीं वर्षगांठ के मौके पर चेतन वास्तवार व उनकी पत्नी रोहिणी वास्तवार जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। जिला अस्पताल में स्थित रक्तदान यूनिट ने वास्तवार दंपत्ति के रक्तदान के बाद बकायादा उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। इसी के साथ ही जिला अस्पताल की रक्तदान यूनिट के सदस्यों ने वास्तवार दंपत्ति को विवाह वर्षगांठ के अवसर पर स्वागत कर बधाई भी दी।

## संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर

**सीहोर।** एसपी मयंक अवस्थी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों तथा सेक्टर अधिकारियों से संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने तथा असामाजिक एवं अवांछित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। बाहरी व्यक्तियों के आगमन व उनकी गतिविधियों सतत नजर रखी जाए।

### 18 करोड़ से ज्यादा की नल-जल योजना में लगा लापरवाही का ग्रहण

# जल संकट से जूझ रहे लोग, 6 साल के इंतजार के बाद भी नहीं आया नल से जल

आखिर किसके संरक्षण में रियान वॉटर टैंक पर नहीं हो रही कार्यवाही? ठेकेदार नहीं प्रशासन से सांठ गांठ कर रखी होगी इसीलिए नहीं हो रही है कोई ठोस कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी





आमजन को रोजाना नहीं मिल पा रहा शुद्ध पेयजल अपनी समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियो एवं नागरिकों ने भी अवगत कराया कई बार उच्च अधिकारियों को फिर भी समस्या नहीं हो पाई हल, क्षेत्र वासियों के लिए छलावा साबित हो रही 18 करोड़ से ज्यादा की नल जल योजना, नगर परिषद कोठरी में एमपी यूडीसी के अंतर्गत 18,68,60147 की अनुमानित लागत से परियोजना चालू की गई पर रियान वॉटर टैंक के ठेकेदार द्वारा लापरवाही की भेंट चढ़ती दी गई, कार्य प्रारंभ अगस्त 2017 में हुआ था जिसके 6 साल से भी ज्यादा बीतने को आई पर नगर वासियों को अभी तक नालों से जल नहीं दे पाया ठेकेदार, जिस प्रकार की कछुआ चाल से एवं घटिया किस्म के कार्य चल रहे हैं उस प्रकार से लोगों के बीच चर्चा का विषय बन रहा है की ऊपर से नीचे तक किस प्रकार से ठेकेदार नहीं सांठ-गांठ करके लापरवाही का पहाड़ खड़ा कर दिया और कोई ठोस कार्रवाई तक नहीं हो पा रही है ठेकेदार पर?

### ढाई साल में होने वाले कार्य को हो गए 6 साल से भी ज्यादा

5 साल में सरकार बदल जाती है पर 6 साल में नल जल योजना नहीं हो पाई चालू ।मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा नगर परिषद कोठरी में नल जल योजना का कार्य कछुआ चाल चल रहा है, जिसमें ठेकेदार समय अवधि लगभग ढाई साल ली गई थी पर 6 साल से भी ज्यादा बीतने को आए पर नगर वासियों को अभी तक नल से जल नहीं दे पाया ठेकेदार, ठेकेदार के कारनामे इस प्रकार हैं जिसमें आगे पाठ पीछे सपाट यानी की पहले किए हुए कार्य जर्जर हो गए और नए काम अभी पूर्ण नहीं हुए कई जगहों पर तो नलिया टूट गई जो आरंभिक अवस्था में डाली गई थी और कई जगह पाइपलाइन डालना भी अभी बाकी है।

### प्रतिदिन नहीं मिल रहा पानी

नगर परिषद कोठरी में प्रतिदिन नहीं मिल पा रहा पानी भीषण जल संकट से जूझ रहे नगर वासी, नगर वासियों की माने तो योजना के क्रियान्वयन में ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। जिन्होंने कार्य में लापरवाही कर योजना को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। खामयाजा अब क्षेत्र की भोली भाली जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर वासियों को कोसों दूर से पानी लेकर आना पड़ रहा है।

### पाइप लाइन में गड़बड़ी

नगर वासियों के अनुसार पाइपलाइन विस्तार कार्य ही सही तरह से नहीं किया जा रहा है। टेस्टिंग के समय भी कई बार पाइप लाइन फूटने,टूटने और कई जगह पर नलियां टूटी हुई निकल रही है। 18 करोड़ से ज्यादा की लागत की योजना होने के बावजूद लोगों को कुए और प्राकृतिक स्त्रोतों एवं निजी बोरो पर पानी लेने जाना पड़ता है, पेयजल के लिए भारी संकट नगर वासियों को नजर आ रहा है।

### जिम्मेदार बोले, उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत से कराया अवगत

नगर परिषद कोठरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेंद्र जाटव का कहना है कि उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर एवं मौखिक तरीके से समस्या के बारे में अवगत कराया गया है लगातार हम प्रयास कर रहे हैं की नगर वासियों को कोई पानी की समस्या ना हो। एमपी यूडीसी के सिविल इंजीनियर एल के मिश्रा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझे अभी आए हुए डेढ़ माह हुआ है तभी से बड़े तेजी से काम चल रहा है अब आगे वालों ने किस प्रकार से काम कराया वह जानते हैं, मेरा प्रयास है कि जल्द काम पूरा हो।

# ट्रैक्टर पार्टस की दुकान में लगी भीषण आग

**लाखों का समान जल कर खाक**



**आष्टा।** पाट्र्स की दुकान में बीती रात्रि में लगी आग से जलकर राख हुआ सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा नगर के नये बस स्टैंड पर गायत्री मन्दिर के सामने नपा की बनी दुकानों के मार्केट में स्थित पाकीजा पाट्र्स की दुकान में बीती रात्रि में करीब 11 बजे के आस पास आग लग गई,थोड़े समय मे ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया।

आस पास के लोगो ने जब धुंआ ओर उसके साथ आग की लंबी लंबी लपटे देखी तो मौके पर पहुच कर दुकान मालिक फरहान को एवं पुलिस,फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर फायर बिग्रेड मौके पर पहुची ओर आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। फिलहाल दुकान में आग लगने का कारण अज्ञात है पुलिस इसकी जांच में जुटी है पाकीजा ऑटो पाट्र्स की दुकान में हुई आगजनी की घटना में लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकान मालिक फरहान के अनुसार दुकान में ट्रेक्टर्स के पार्टस, आइल, बैटरी बेचे जाते है । जिसकी कीमत दुकान मालिक फरहान के अनुसार 50 लाख रुपए से ऊपर बताई जा रही है वही अब तक राजस्व विभाग के पास इस आगजनी की कोई जानकारी नही है,ओर ना ही घटना के 12 घंटे बाद मौके पर कोई भी जिम्मेदार दुकान मालिक के पास पहुचा है ऐसे में अब दुकान मालिक का आग लगने से लाखों रूपए का सामान जलकर खाक होने से बडा आर्थिक नुकसान हों गया है वही दुकान मालिक ने बताया की उसके ऊपर बैंक कर्ज के साथ व्यापारियों के सामान की उधारी भी देना है जिससे अब पुनः दुकान शूरू कैसे करे यह चिंता सताने लगी है लिहाजा दुकान मालिक फरहान ने शासन प्रशासन से आर्थिक मुआवजे की मांग की है।

## श्री गोंदन सरकार धाम पर हुआ आयोजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी श्रीराम राम नवमी के पावन अवसर पर शहर के चाणक्यपुरी स्थित श्री गोंदन सरकारधाम पर दो दिवसीय दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया था।इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित जितेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया धाम पर हर साल भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव यहां पर मौजूद आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा मनाया जाता है। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार चौबीस घंटे तक श्रीराम चरित मानस का पाठ किया गया और उसके पश्चात भगवान श्रीराम का अभिषेक और प्रसादी का वितरण के अलावा कन्या भोज पुजारी मनीष शर्मा के द्वारा किया गया। इसके अलावा लगातार नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती हवन का आयोजन भी किया गया। पंडित जितेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि त्रेता युग में जन्मे राम की महिमा का गुणगान कलयुग में करने से राम भक्त भविष्य में आने वाली हर विघ्न-बाधा को सफलतापूर्वक पार कर लेते हैं। मर्यादा में रहकर भवसागर से कैसे करना है, इसका उदाहरण राम चरित्र में मिलता है, फिर वह चाहें एक पुत्र की मर्यादा हो अथवा भाई की मर्यादा, पति की मर्यादा, क्षत्रिय धर्म की मर्यादा, मानवीय मूल्यों की मर्यादा, राजा की मर्यादा इत्यादि, सभी मर्यादाओं का पालन विषम परिस्थितियों में श्री राम जी ने कष्टों को सहते हुए किया। त्रेतायुग से लेकर कलियुग में आज भी श्री राम की मर्यादा सभी के लिए प्रासंगिक है।

# वर्षा पूर्व सीएमओ ने ली सफाई अमले की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने अपने अधीनस्थ स्वच्छता अमले के साथ आवश्यक बैठक की, जिसमे यह निर्णय लिया गया कि आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के नाले व नालियो की समुचित सफाई की जाए ताकि बारिश का पानी नगर से बिना रुके अपने गनतव्य की ओर आसानी से पहुंच सके। इसके साथ ही नगर मे प्रतिदिन होने वाली सफाई के समय मे बदलाव करते हुए अब प्रतिदिन सफाई सुबह 6 बजे से 10 बजे तक होगी तथा दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक होना सुनिश्चित किया गया है।उत्कृष्ट कार्य करने पर होंगे सम्मानित - मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने अपने आष्टा नगरपालिका के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् ही समस्त नपा अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक आहूत करते हुए कहा था कि जो भी कर्मचारी पूरी ईमानदारी व लगन से काम करेगा उसका सम्मान किया जाएगा। इसी के परिणामस्वरूप ईद के दिन अचानक बारिश होने से नपा द्वारा ईदगाह पर की गई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। किंतु रात्रि में ही जमादार मनोज अपने सफाई मित्रों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और पूरी रात ईदगाह के आसपास की सफाई को चाक-चैबंद कराया। अपने कार्य को पहली प्राथमिकता देकर व्यवस्था सुचारू करने पर स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते एवं जमादार मनोज घेंघट का सीएमओ राजेश सक्सेना ने सम्मानित कर दोनों कर्मचारियों को भेंट स्वरूप नए वस्त्र प्रदान किए। इस अवसर पर स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, दरोगा राजेश घेंघट, अमरदीप सांगते, पप्पू खरे, जितेन्द्र सिंगन, विनोद रतिराम, आशीष बैरागी, राहुल मालवीय, लखन डूमाने, सुनील सांगते, रितेश सांगते आदि मौजूद थे।

## श्री नवदीप दुर्गा उत्सव समिति ने निकाला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व पर वार्ड क्रमांक 17 राठौर मंदिर चौराहे पर मां जगत जननी जगदंबे की स्थापना कर नवरात्रि के 9 दिनों तक विधि विधान से दोनों समय पूजन अर्चना आरती कर माता रानी की आराधना की गई एवं प्रतिदिन छोटी-छोटी कन्याओं द्वारा गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए नवरात्रि के छठवें दिन माता रानी की विशाल महा आरती की अंतिम दिन मां जगत जननी का पंडित मनीष शर्मा ने यजवान द्वारा हवन आहुति संपन्न कराई। जगदंबे महारानी की प्रतिमा को नगर के प्रमुख मार्गो से बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ चल समारोह के रूप मे जुलूस निकाला बुधवारा स्थित चौराहे पर कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने माता रानी की प्रतिमा की पूजन अर्चना आरती कर दर्शन किए सर्वप्रथम पंडित मनीष शर्मा का पुष्प माला एवं साफा बांधकर स्वागत किया नवदीप नवदुर्गा उत्सव समिति के प्रमुख सुरेश कुशवाहा , नरेंद्र कुशवाहा, दुर्गेश यादव, आकाश कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा मामा, सुशील कुशवाहा, रितेश लोधी, विजय कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, आदि का मां पार्वती धाम गौशाला समिति कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, कुशवाहा समाज तहसील स्तरीय अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, राज कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने पुष्पमाला एवं साफा बांधकर सभी का स्वागत किया।

## शासकीय नलकूप पर अतिक्रमण करने वाले दबंगाई परिवार को जेल भेजा, कार्रवाई कर बोर को कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्राम पंचायत रसूलपुरा में एक दबंग परिवार ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराए गए शासकीय नलकूप बोर पर अतिक्रमण कर कब्जा कर रखा था।ग्रामवासियों की शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा के निर्देशानुसार ग्राम रसूलपुरा में नल जल योजना के नलकूप पर अतिक्रमण की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर पहले तो अतिक्रमणकर्ता व उनके परिवार को समझाइश दी गई। ग्रामीण का कहना था कि मेरी भूमि पर नलकूप बोर लगा है। उन्हें अधिकारियों ने बताया कि विभाग शासकीय भूमि पर ही नलकूप खनन कराता है,निजी भूमि पर नहीं।kअतिक्रमण नही हटाने पर एसडीएम से अपने अधिकारों का प्रयोग कर अतिक्रमणकर्ता पर प्रभावी कार्यवाही कर जेल पहुंचाया, इसके बाद शासकीय नलकूप को कब्जे से मुक्त कराया। प्राप्त जानकारी अनुसार मेहरबान सिंह के परिवार ने कब्जा कर रखा था। ग्राम पंचायत ने भी समझाया, नहीं माने।घर की दो महिलाओं व दो बालिकाओं ने विरोध किया तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के श्री वर्मा एवं मंगलेश दुबे सहित पुलिस अधिकारी ने समझाया, नहीं माने तो अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा को अवगत कराया ।उन्होंने पुलिस को इन चारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने धारा 151 का प्रकरण दर्ज कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया, जहां से इन चारों को जमानत पर रिहा किया गया। मंगलेश दुबे ने बताया कि उक्त बोर को कब्जे धारी व्यक्ति से मुक्त कराया।

# बुधवारा में जर्जर हो रहे सीएम राइज विद्यालय की छत गिरी, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सीएम राइज विद्यालय बुधवारा में एक कक्ष की छत दूसरी बार गिर गई। यह ईश्वर की कृपा रही की जब छत गिरी स्कूल का समय नहीं था, अन्यथा मासूम बच्चे चपेट में आते। उक्त विद्यालय लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र भी है। नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 191 सीएम राइज स्कूल बुधवारा में है।जहां पर तीन मतदान केंद्र है। एक मतदान केंद्र पर 1274 मतदाता हैं तथा 389 विधार्थी अध्ययनरत हैं। प्रधानाध्यापक जितेन्द्र गुठानिया ने बताया कि हमारे विद्यालय के कक्ष की छत पहले भी गिर चुकी है और इस संबंध में विभाग के अधिकारी को अवगत करा दिया था। बीती रात को पुनः छत गिरी। उक्त विद्यालय भवन की पुराना भवन भी काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। जिस कक्ष की छत गिरी वह कक्ष कुछ सालों पुराना है। मतदान केंद्र क्रमांक 191 के बीएलओ अजय द्विवेदी ने बताया कि जब उन्हें मतदान केंद्र के कक्ष की छत गिरने की सूचना मिलने पर तत्काल स्कूल पहुंचे और मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना को बताया। वे भी मौके पर पहुंचे।

### भगवान पार्श्वनाथ के दरबार में किया पंच परमेष्ठी विधान

# बिना तपे कल्याण नहीं हो सकता: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पर्व जो इन दिनों में आया है ,उसी प्रकार हम भी आएं हैं। पर्यूषण महापर्व का सातवां दिन है।संयम के साथ तप जरूरी है। बिना तपे निखार नहीं आता है।जो कर्म बने हैं उन्हें अलग करने के लिए तप करना अनिवार्य है। जहां चारित्र ,वहां तप निश्चित होता है। बिना तप के निर्जरा नहीं।हम लोग तपना नहीं चाहते। लेकिन वह तप नहीं कर सकते हैं। तपने और जपने के लिए यह मानव शरीर मिला है।बोधी, समाधि में शरीर को लगाएं।भोग क्षेत्र में तपते हो तो धर्म क्षेत्र में भी तपे पुण्य अर्जित होगा। बिना तपे तीर्थंकर का भी कल्याण नहीं होता तो आप हम का कैसे कल्याण होगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं।

प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनिश्री ने कहा हमेशा समता भाव रखें बिना तपस्या किसी काम की नहीं।बाह्य तप के साथ अंतरंग तप जरूरी है। इसमें प्रायश्चित और विनय जरूरी है।विनय भी तप है।विनय के साथ रहें और स्वाध्याय अवश्य करें। मुनि सागर महाराज ने कहा आज व्यक्ति के पास धर्म आराधना, स्वाध्याय के लिए समय नहीं है, लेकिन मोबाइल चलाने तथा फालतू बातें करने के लिए समय है। आज समय का सदुपयोग नहीं हो रहा है। संसार में तप रहे हैं,व्यापार ,व्यवसाय में तप रहे,लेकिन आत्म कल्याण के लिए समय निकालें। शक्ति के अनुसार तप अवश्य करें। हमारी अर्थात जैन धर्म की तपस्या कड़क हो गई है, हमने समस्या बनाई है।मन नजदीक हो, धर्म सरल हो। सभी को तप करने का अवसर देवें। भावों में निर्मलता बनाएं। सभी को धर्म से जोड़ कर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को भव्य बनाएं।

# छात्रों के दल ने जैविक खेती के फायदे और कीटनाशकों के बारे में जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शुक्रवार को शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा के बी.एस.सी के विद्यार्थियों का एक दल वनस्पति शास्त्र की विभाग अध्यक्ष डॉ. कुमकुम अग्रवाल एवं रसायन शास्त्र की डॉ.रचना श्रीवास्तव के साथ ग्राम वफापुर ढाकनी तहसील आष्टा स्थित अनिल वर्मा के जैविक कृषि फार्म पर पहुंचा। वहां पर जैविक खेती के फायदे और रासायनिक कीटनाशकों के साथ रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा को होने वाले हानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस हेतु कृषि विज्ञान केंद्र सीहोर के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री संदीप टोडवाल एवं पर्यावरण विद श्री वरुण दुबे, उद्यानिकी विभाग के श्री संजय ठाकुर एवं गांव के कृषक श्री गोपाल ठाकुर जी, श्री देवकरण काका जी, श्री मखन सिंह जी अध्यापक, श्री सीताराम जी वर्मा, सोनू वर्मा एवं सुनील वर्मा जी सहयोग हेतु उपस्थित रहे। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी जानकारी विद्यार्थियों को इन सभी के माध्यम से प्रदान की गई। जिससे वे भविष्य में जैविक खेती को एक व्यवसाय के रूप में भी अपना सकते हैं एवं मृदा को रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। श्री अनिल वर्मा जी के खेत पर जैविक खेती के साथ-साथ बायोगैस प्लांट, सोलर पैनल, नाडेप टैंक , वर्मीकंपोस्ट का उत्पादन जीवामृत घन जीवामृत एवं प्राकृतिक खेती करने के सभी संसाधन उपलब्ध हैं। डॉ. कुमकुम अग्रवाल एवं डॉ. रचना श्रीवास्तव ने कृषि विज्ञान केंद्र सीहोर से आए सभी कृषि वैज्ञानिक एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।